## कम्प्यूटर टंकण परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**करौली,** जुलाई (निंस.)परीक्षा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि अनुकम्पा नियुक्ति प्राप्त कार्मिक जिनकी नियुक्ति हुए 03 वर्ष से अधिक नहीं हुए हैं, की नियमित कम्प्यूटर टंकण परीक्षा जिला कलक्टर कार्यालय, करौली द्वारा माह सितम्बर-अक्टूबर 2025 में आयोजित करवाया जाना प्रस्तावित है, जिसके आवेदन पत्र 08 अगस्त तक आमंत्रित किये जा रहे हैं। परीक्षार्थी आवेदन पत्र जिले की वेबसाइट से डाउनलोड कर 8 अगस्त तक भरकर कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से निम्न आवश्यक दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में व्यक्तिशः जरिये विशेष वाहक जमा करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज में नियुक्ति आदेश की सत्यापित प्रति, सेवापुस्तिका के प्रथम पृष्ठ एवं उपस्थिति रिपोर्ट की सत्यापित प्रति के साथ भिजवाये।

# रैली निकालकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

■ **लायंस क्लब दिशा और जीपीएस स्कूल ने किया 1000 पौधों का वितरण एवं 100 पौधों का वृक्षारोपण करके तथा**

**गंगापुर सिटी ।** सोमवार का दिन पर्यावरण जागरूकता और हरियाली के नाम रहा। लायंस क्लब दिशा और जीपीएस स्कूल के छात्रों ने मिलकर शहर को हरित बनाने के लिए एक सराहनीय अभियान चलाया। इस विशेष अवसर पर 1000 पौधों का वितरण तथा 100 पौधों का वृक्षारोपण किया गया और इसके साथ ही छात्रों ने हरित रैली निकालकर लोगों को जागरूक भी किया।

यह आयोजन न केवल वृक्षारोपण तक सीमित रहा, बल्कि एक सामाजिक चेतना की मिसाल बनकर उभरा। कार्यक्रम संयोजक लायन दिवाकर शर्मा तथा लायन सोमदत्त शर्मा ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत एक रंग-बिरंगी पर्यावरण रैली से हुई जो कि जीपीएस स्कूल से प्रारंभ होकर सीनियर हाई सेकेंडरी स्कूल के खेल ग्राउंड पर समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्रों के हाथों में पोस्टर, झंडियाँ, बैनर तथा पर्यावरण को बचाने के संदेश थे और पूरी रैली में बच्चों ने नारे लगाए धरती बोले ङ्क्त पेड लगा लो, एक पेड ङ्क्त सौ सुख, अब नहीं तो कभी नहीं ङ्क्त पेड बचाओ, जीवन बचाओ का नारा लगा कर लोगो को जागरूक किया। क्लब सचिव लोकेश सोगानी ने जानकारी देते हुए कहा कि सीनियर हाई सेकेंडरी स्कूल के खेल ग्राउंड पर रैली के समापन के बाद जीपीएस स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, लायंस क्लब दिशा के सदस्यों और अतिथियों के साथ मिलकर पेड लगाए। पौधों में नीम, पीपल, आम, अमरूद, अशोक, गुलमोहर, अर्जुन, करंज, आंवला और तुलसी जैसी औषधीय और छायादार प्रजातियाँ शामिल थीं। जीपीएस स्कूल निदेशक चेतन अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को एक पौधे की देखभाल का दायित्व दिया गया। स्कूल में एक ग्रीन मॉनिटरिंग टीम बनाई गई है, जो इन पौधों की नियमित निगरानी करेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गायत्री वरबिंदु, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद बैरवा, रीजन चेयरपर्सन लायन विवेक मीना, पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आशीष कुमार शर्मा तथा लायंस क्लब समर्पण के अध्यक्ष लायन प्रदीप सोनी उपस्थित रहे। लायंस क्लब दिशा के अध्यक्ष लायन राजेंद्र गौतम ने कहा कि ये सिर्फ एक वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि भावी पीढी के लिए एक मजबूत संदेश है कि हर बच्चा पर्यावरण योद्धा बन सकता है। बच्चों की भागीदारी देखकर यह विश्वास होता है कि भविष्य सुरक्षित हाथों में है। अंत में उन्होंने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों तथा जीपीएस स्कूल को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान आलोक मालधनी(5ट), अरविंद शर्मा अनिल गुप्ता, मनीष जैन, डिंपल शर्मा, मयंक जैमिनी, कपिल गौतम, आनंद पैगोरिया, शालु जैन, अनुराग, रोहित जैमिनी, वैभव, प्रदीप गौतम, दिनेश गर्ग, विनोद सैन एव लायंस क्लब दिशा व जीपीएस स्कूल के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## 'कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नही'

**करौली ।** करौली जिले के नए पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने पदभार ठाहण किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचने पर पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश शर्मा,डीएसपी अनुज शुभम और कोतवाली थाना अधिकारी अध्यात्म गौतम समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला पुलिस अधीक्षक लोके'। सोनवाल ने अपने चेंबर में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ जिले की कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर चर्चा की।उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए।नए पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय के विभिन्न प्रकोष्ठों के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कार्यों की जानकारी ली। एसपी ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोनवाल ने कहा कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## सार-समाचार

### आमसभा रविवार को

**गंगापुर सिटी ।** मां इन्द्रगढ सेवा समिति की आमसभा रविवार को सोनी मैरिज गार्डन में शाम 6 बजे आयोजित की जायेगी। रामावतार मच्छीपुरा वाले ने बताया कि आमसभा की समिति अध्यक्ष जगदीश मच्छीपुरा के सानिध्यमें होगी जिसमें पदयात्रा की तिथी एंव तैयारियो पर चर्चा की जायेगी। राम अवतार मच्छीपुरा ने माता रानी के सभी भक्तो से आमसभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सूरौठ।** सर्वज्ञ सेवा न्यास ने ठााम जटवाडा में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संस्था द्वारा लोगों को सुरक्षित वित्तीय निवेश के लिए जागरूक किया। इसमें बैंकिंग व निवेश के जानकार मनोज मीणा फील्ड अधिकारी दिनेश कुमार संस्था सचिव चेतन जैमिनीआदि ने समझाया कि डिजिटल उत्पादों का सुरक्षित उपयोग कैसे किया जाए तथा सुनहरे भविष्य के लिए सरकार की योजनाओं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति, बीमा योजना आदि के बारे में समझाया तथा राजीविका के समूहों को विभिन्न बैंकों से दिए जाने वाले ऋण के बारे में बताया। संस्था द्वारा इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित भागीदारों को निशुल्क वित्तीय निवेश व साक्षरता संबंधी बुकलेट का वितरण किया गया।

### पदाधिकारियों का भरतपुर में गर्मजोशी से स्वागत

**भरतपुर** (निस)। आर्य प्रतिनिधि सभा जयपुर के चुनाव निर्विरोध होने पर जयपुर से वापिस आये संरझक्षक सत्यदेव आर्य, भरतपुर संभाग के उप प्रधान मानसिंह आर्य, अन्तरंग सदस्य ओमप्रकाश आर्य का भरतपुर जिले के संरक्षक वेदमुनि वानप्रस्थी जगदीश आर्य, बहिन सुमित्रा आर्य, कन्जोली आर्य समाज के प्रधान पदम सिंह आर्य द्वारा फूल माला व पटका पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। बहिन सुमित्रा आर्य द्वारा शोभा आर्य को पटका पहनाकर स्वागत किया। राजू आर्य व वेदमुनि वानप्रस्थी द्वारा आर्य समाज के कार्यों को बढाने में तीनों को परमपिता परमात्मा से कार्य को आगे बढाने का आर्शीवाद दिया। सभी का संरक्षक सत्यदेव आर्य द्वारा आभार प्रकट किया।

### भरतपुर में मंदिर दाऊजी महाराज विकास ट्रस्ट की बैठक हुई

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में मंदिर दाऊजी महाराज विकास ट्रस्ट की बैठक बासन गेट स्थित प्राचीन मंदिर दाऊजी महाराज के प्रांगण में गोपीलाल अठावाल की अध्यक्षता में हुई। कर्यक्रम संयोजक कैलाश मित्तल ने बताया कि 29 अगस्त को बल्देव छट्ट महोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर चेतन्य सम्प्रदायाचार्य आलोक कृष्ण गोस्वामी वृन्दावन धाम वाले बलराम कृष्ण की लीलाओं पर प्रवचन देंगे। अलबेली सरकार को नई पोषाक धारण कराकर श्रृंगार किया जावेगा एवं भव्य फूल बंगला व रोशनी की सजावट होगी, मंदिर प्रांगण की साफ सफाई कराकर रंग पेन्ट कराया जावेगा। व्यवस्थाओं हेतु अगली मीटिंग में विभिन्न कमेटीयों का गठन कर जिम्मेदारियां दी जावेंगी। 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद दाऊजी महाराज एवं माता रेवती का भोग लगाकर भक्तगणों को प्रसादी खिलाई जावेगी। बैठक में समाजसेवी मोहन मित्तल, रामबिहारी शर्मा, पूर्व पार्षद कन्हैयालाल, महेश गोयल सर्राफ, संजय गुप्ता दवाई वाले, दीपक पांचाल, कृष्ण कुमार चावला के अलावा मंदिर पुजारी सोनू पंडित मौजूद रहे।

### स्मैक तस्कर पति-पत्नी गिरफ्तार, 22 ग्राम स्मैक और कार जब्त

**हिण्डौन सिटी।** नई मंडी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए एक तस्कर दंपति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी दौसा जिले के महवा थाना क्षेत्र के माली मोहल्ला निवासी लक्ष्मीकांत शर्मा उर्फ लच्छो पंडित और उसकी पत्नी दीपा शर्मा हैं। पुलिस ने दोनों को हिण्डौन रेलवे स्टेशन के समीप घेराबंदी कर दबोचा। आरोपियों के कब्जे से 22 ठााम स्मैक और एक स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की गई है। इस कार्रवाई का नेतृत्व थाना प्रभारी सोहन सिंह ने किया, जबकि मामले की जांच कोतवाली थाना अधिकारी महावीर प्रसाद द्वारा की जा रही है। गिरफ्तारी के दौरान गठित पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल रामवीर, हरिओम, इंद्र कुमार, योगेश, और सरोज शामिल रहे। पुलिस अब इस मामले में आरोपियों के नेटवर्क और अन्य संभावित संलिप्त लोगों की जानकारी जुटाने में जुटी है।

### मेधावी छात्रा संजना को 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया

**भरतपुर** (निस)। दृढ इच्छा शक्ति व लगन से बड़ी चुनौतियों का सामना कर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है और अपने जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है, उक्त वक्तव्य जिला जाटव महासभा समिति के अध्यक्ष धर्मवीर फौजी ने प्रतिभाशाली मेधावी छात्रा संजना पुत्री शेर सिंह को बसंत विहार कॉलोनी में सम्मानित करते हुए कहे।संजना को कक्षा 12 में विज्ञान संकाय में 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर साफा, पंचशील पट्टिका, प्रशस्ति पत्र व भारतीय संविधान निर्माता डा0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र से सुसज्जित शील्ड तथा 21000रू. नकद भेंट किये गये। समारोह की अध्यक्षता सूबेदार मेजर छेदीलाल व शिशुपाल एस.ओ. के सानिध्य में की गई। संजना की दादी श्रीमती अनारदेई ने कहा कि संसाधनों के अभाव में भी पौत्री ने अच्छा प्रदर्शन कर लक्ष्य को प्राप्त किया जिससे समाज की अन्य छात्राओं में भी प्रतिस्पर्धा उत्पन्न हो रही है जो खुशी की बात है। इस अवसर पर रमेश, हजारी लाल, लाखन सिंह, रामप्रसाद, वीरीसिंह, करतार, दिनेश कुमार, चन्द्रशेखर, उम्मेद सिंह, दिगम्बर सिंह, मंगल, टिंकू, ललित, चमन आदि लोगों ने गरीब समाज से पढने वाले बच्चों को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# उत्पीड़न मुक्त कार्यस्थल को लेकर बैठक

**करौली,** (निंस.) जिला प्रशासन एवं एक्शनएड करौली द्वारा महिला श्रमिक उत्पीडन मुक्त कार्यस्थल अभियान के अंतर्गत श्रमिक सहायता केंद्र, बेरियान का बास करौली में महिला श्रमिकों के साथ जागरूकता बैठक की गई।

एक्शनएड जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि एक्शनएड एसोसिएशन इंडिया के महिला श्रमिक उत्पीडन रहित कार्यस्थल अभियान को लेकर आज सामुदायिक बैठक की जिसमें महिला श्रमिकों को उत्पीडन मुक्त कार्यस्थल के बारें में जानकारी देतें हुए बताया कि उत्पीडन रहित कार्यस्थल महिला श्रमिकों का अधिकार है। महिला श्रमिकों के साथ शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक उत्पीडन होने पर शीघ्र शी-बॉक्स पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवानी चाहिए यह पोर्टल भारत सरकार द्वारा महिलाओं के लिए यौन उत्पीडन की शिकायतों को दर्ज करने के लिए बनाया गया है। शिकायत दर्ज करने के बाद, इसे सीधे संबंधित प्राधिकारी को भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि सरकरी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में कार्यरत महिला कार्मिकों के लिए आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) बनी हुई है। एवं श्रमिकों के लिए स्थानीय शिकायत समिति (एलसीसी) है। यदि कार्यस्थल पर आईसीसी या एलसीसी है, तो वहां भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है साथ ही राष्ट्रीय एवं राज्य महिला आयोग में आयोग की वेबसाइट पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं यौन उत्पीडन एक अपराध भी है, इसलिए पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। शी-बॉक्स पोर्टल का उद्देश्य यौन उत्पीडन की शिकायतों का त्वरित निवारण करना है एवं शिकायतकर्ता चाहें तो शी-बॉक्स, महिला आयोग और पुलिस में समानांतर शिकायतें दर्ज करा सकता है। उन्होंने कहाँ कि ईंट भट्टों, खान, एवं भवन निर्माण में कार्य आदि में महिलाओं के साथ उत्पीडन होने की अधिक संभावना रहती है।

उत्पीडन होने पर महिलाएं काम से निकालने के डर से शिकायत नही करती है। ओर अपने ऊपर होने वाले अत्याचार पर चुप्पी साध लेती है। जिससे उन पर ज्यादा उत्पीड़न होतें है। उन्होंने महिला श्रमिकों को उत्पीडन के खिलाफ चुप्पी तोड़ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेवक हेमराज माली ने महिलाओं से जुडे कानून एवं योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए वीओसीडब्लू रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु प्रेरित किया। ओर महिलाओं को कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीडन के खिलाफ चुप्पी तोडने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सहयोग सेवा संस्थान के अध्यक्ष घनश्याम लोधा ने भी विचार व्यक्त किये।

## भोजन शाला समिति ने किया पौधारोपण

**करौली,** (निंस.) श्री राधा मदन मोहन निशुल्क भोजन शाला के तत्वाधान में मंगलवार को हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम स्टेडियम परिसर करौली में पौधारोपण किया गय इस मौके पर विभिन्न प्रकार के 12 पौधे लगाए गए। भोजन शाला अध्यक्ष ओमप्रकाश जिंदल ने बताया कि दो पीपल, दो बढ़ वृक्ष, दो बेलपत्र दो शीशम, दो गूलर दो, गुलमोहर के पौधारोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए प्रत्येक पौधे में ट्री गार्ड लगाया गया एक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेडियम इंचार्ज रामचंद्र गुप्ता साथ में जुगल किशोर शर्मा एवं मुनीम का भी विशेष सहयोग रहा स्टेडियम इंचार्ज गुप्ता ने बताया कि पर्यावरण की रक्षा करना हमारा सबका दायित्व है निशुल्क भोजनशाला से प्रहलाद सिंघल,नेमीचंद गुप्ता, रामावतार वर्मा, प्रकाश जाटव, जगमोहन माली, अरविंद शर्मा आदि उपस्थित थे भोजन शाला अध्यक्ष ओम प्रकाश जिंदल ने कहां कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है जो हमें स्वस्थ रखते हैं।

# 30 अगस्त को जायेगी माता रानी की 20 वीं निशुल्क पदयात्रा

■ **पदयात्रा को भव्य बनाने के लिए आमसभा में रखे भक्तो ने सुझाव**

■ **कैलादेवी के रास्ते करणपुर धाम पहुंचेगी**

**गंगापुर सिटी ।** मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति गंगापुर सिटी की आमसभा रविवार को दोपहर 2 बजे विजय पैलेस में आयोजित की गई। जिसमें मां गुमानो बीजासणी देवी की 20 वीं निशुल्क पदयात्रा को भव्य बनाने के लिए सभी भक्तो ने अपने विचार रख सुझाव दिए।

पदयात्रा पुरानी अनाज मण्डी स्थित सीताराम जी के मंदिर से 3० अगस्त को रवाना हो कर नगर परिक्रमा करते हुए सालोदा मोड, कुडगांव, कैलादेवी के रास्ते करणपुर धाम पहुंचेगी। यात्रा पहला रात्री विश्राम कुडगांव मैरिज हॉम में होगा। वहीं 31 को सुबह कैलादेवी एवं रात्री विश्राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लकरूखी, एक अगस्त को सुबह ठाकूर बाबा दोपहर में मां गुमानो बीजासणी के दरबार में शोभायात्रा के रूप में पदयात्रा पहुंचेगी।

जहां विशाल भण्डारा, भगवती जागरण का आयोजन किया जायेगा। समिति अध्यक्ष महेश शर्मा व महामंत्री गोपाल सोनी ने पदयात्रा की व्यवस्थाओ की विस्तार से जानकारी दी।

आमसभा में शिवचरण एलआई, हरिचरण प्रिंसिपल,ओमप्रकाश गुप्ता, दिनेश धौलेटा, श्याम बाबू गुप्ता, ब्रहमानंद गुप्ता, ब्रहमप्रकाश शर्मा, रमेश सैन, मुकेश लाइट, महेन्द्र एटीओ, जगदीश बर्रिया, मुरारी महाराज, सतीश गुप्ता, पप्पू गुरू, दिनेश चूडी, घनश्याम सैमरदा, दिनेश जीरोता, सीताराम बैध, सतीश जोशी, डा विजेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र खिडखिडा, जगदीश करणपुर, गोविन्द बंसल डीईओ, भागीरथ रेंजर, विष्णु करणपुर सहित सैकडो माता रानी के भक्त मोजूद थे।

# समता आंदोलन समिति ने सौपा ज्ञापन

■ **सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की पहचान के लिए पांच मानदंड निर्धारित किए गए हैं**

करौली, (निंस.) केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 को संविधान संशोधन करके आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण दिए जाने का प्रावधान किया गया हैं। समता आंदोलन के जिला संरक्षक देवी सिंह बदनपुरा ने बताया कि इसके अनुसरण में केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की पहचान के लिए पांच मानदंड निर्धारित किए गए हैं।

यह पांचो मानदंड वास्तव में सभी जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, वंचित वर्ग, पिछड़े वर्ग, की पहचान के लिए एक सत्यापित वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हैं, समता आंदोलन के जिला अध्यक्ष नरेश सिंह बिनेगा जिला संयोजक डॉ देव कुमार गौड़ ने बताया कि सर्व समाज में समता, समानता और समरसता के भाव को बनाए रखने के लिए देवी सिंह बदनपुरा के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित किया गया उन्होंने ज्ञापन के संदर्भ में बताया कि निकट भविष्य में होने वाली जनगणना में ईडब्ल्यूएस के पांच मापदंड, 5 एकड़ या उससे कम भूमि, 1000 वर्ग फीट या उससे कम आवासीय फ्लैट, अधिसूचित नगर पालिका में 100 वर्ग गज या कम का आवासीय प्लॉट, अन्य क्षेत्र में 200 वर्ग गज या कम आवासीय प्लॉट एवं परिवार की 8 लाख से कम वार्षिक आय, आदि बिंदुओं को निकट भविष्य में होने वाली जनगणना में सम्मिलित करते हुए जनगणना करवाए जाने की मांग की गई है।

उन्होंने बताया कि आंकड़े देश की गरीबी को मिटाए जाने के लिए हितठााही होंगे। तथा नीतिगत, जनकल्याणकारी कार्य योजना बनाने में मददगार होंगे। ज्ञापन देने वालों में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी, हेमराज प्रजापत, राधे प्रजापत चैनपुर, गोविंद व्यास, शारदा मेडिकल के दीपक कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार मित्तल, राम सिंह राजावत, प्रदीप सिंह कोटा छावर, अशोक सिंह महोली, केदारनाथ शर्मा,रणवीर सिंह जखोदा, पूरन चंद शर्मा, कैलाश चंद शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, रमेश चंद बंसल, दर्शन लाल शर्मा, नरेंद्र सिंह टटवाई के अलावा अन्य समतावादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ ने जताया विरोध

**करौली,** (निंस.) राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ उदयसिंह डिंगार के नेतृत्व में संगठन ने उदयपुर जिला प्रशासन द्वारा अध्यापकों की ड्यूटी भेड़ निष्क्रमण कार्य के लिए लगाए जाने का विरोध जताते हुए इस तरह के गैर शैक्षिक कार्यों के हास्यास्पद आदेशों को तत्काल निरस्त करवाने की शिक्षामंत्री से मांग की है। करौली के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश, संरक्षक प्रहलाद, जिला मंत्री मदन मोहन तिवाडी, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम, शंभूसिंह राजपूत, जिला प्रवक्ता चेतराम मीणा सहित जिले की उपशाखों के अध्यक्ष, मंत्री हिंडौन से उमेश सिंह डागुर, अमर सिंह मीणा, करौली से बाबूलाल, राममूर्ति शर्मा, मण्डरायल से काशीराम, रामकुमार नंदवानिया, सपोटरा से हंसराज एकट,देवीसिंह बैरवा ने अवगत करवाया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विभागीय परिपत्र एवं न्यायालय द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के क्रम में अध्यापकों की ड्यूटी गैर शैक्षिक कार्यों के लिए लगाया जाना वर्जित है किंतु बावजूद इसके प्रशासन द्वारा गैर शैक्षिक कार्यों के लिए शैक्षिक स्टाफ को लगाया जाता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने इसे रोकने की मांग की है। विगत दिवस उपखंड अधिकारी गोगुंदा द्वारा भी एक प्रधानाचार्य को जारी नोटिस की राजस्थान समठा शिक्षक संघ निंदा करता है।

# लाडली बिटिया प्रिया शर्मा सम्मानित

■ **भरतपुर में नीट 2025 में 1588वीं रैंक प्राप्त की**

भरतपुर (निस)। नीट (यूजी) परीक्षा 2025 में 1588 वीं रैंक हासिल करने पर, लाडली बिटिया प्रिया शर्मा को ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों ने सम्मानित किया। ब्राह्मण समाज के विभिन्न संगठनों की ओर से, श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में भरतपुर की लाडली बिटिया प्रिया शर्मा पुत्री लक्ष्मण प्रसाद शर्मा निवासी सुभाष नगर भरतपुर द्वारा नीट परीक्षा 2025 में 1588 वीं रैंक हासिल करने एवं अपने परिवार व भरतपुर जिले का नाम रोशन करने पर सुभाष नगर, भरतपुर स्थित जगन्नाथ पुरी में उनके निज निवास पर साफा, दुपट्टा पहनाकर पुष्पगुच्छ एवं श्री बांके बिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया एवं शुभकामनाएं दी गई द्य सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की द्य इस अवसर पर उनके पिता लक्षण प्रसाद शर्मा, माता जसोदा शर्मा, ताऊ संतोष शर्मा, ताई रमा देवी का भी दुपट्टा माला पहनाकर के स्वागत सम्मान किया गया द्य प्रिया शर्मा ने अपनी इस सफलता का श्रेय, अपने माता-पिता, ताऊ-ताई के साथ-साथ अपने गुरूजनों को दिया द्य श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि हमको चाहिए कि हम प्रतिभाशाली बच्चियों का हौसला बढ़ाने के लिए, उनकी रुचियों और क्षमताओं को पहचाननें, उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करें, और उनकी चुनौतियों का सामना करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। सभी प्रतियोगी परीक्षार्थियों को ऐसे होनहार व्यक्तित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए द्य कार्यक्रम में इष्टदेव गणेश जी का भोग लगाकर सभी सदस्यों को स्वल्पाहार करवाया गया द्य इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदार पाराशर, सेवानिवृत्ति सहायक लेखााधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, सेवानिवृत्ति सहायक अभियंता इंजी. देवकीनन्दन शर्मा, श्री ब्राह्मण सेवा समिति तिलक नगर के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, राजस्थान रोडवेज संघ के संभागध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर प्रसाद शर्मा, समाजसेवी देवेंद्र मोहन तिवारी, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा सारस, छीतर सिंह, सौरव, गौरव, कुमकुम, शुभम, प्रिंस, मोहित सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पौधारोपण करना लक्ष्य ही नहीं, देखभाल भी जरूरीः बच्चूसिंह वर्मा

**भरतपुर** (निस)। मिशन ठाीन भरतपुर के अंतर्गत पर्यावरण विद बच्चू सिंह वर्मा द्वारा शहर के हीरादास चौराहे से चामड माता मंदिर रोड के बीच डिवाइडर पर 350 फूलदार पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया। पर्यावरण विद वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज दिवस ना सिर्फ हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी स्मरण कराता है।

राष्ट्रीय ध्वज दिवस पर पौधारोपण, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है, लेकिन उतना ही आवश्यक है उनकी देखभाल और संरक्षण। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के आस-पास विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करें। पर्यावरण प्रेमी राहुल मदेरणा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पर्यावरण विद वर्मा द्वारा मिशन ठाीन भरतपुर के तहत शहर में 5 हजार से अधिक पौधे लगा कर रख रखाव का लक्ष्य रखा गया है जिसमें अभी तक 1050 पौधे लगा उनका संरक्षण किया जा रहा है। मिशन ठाीन भरतपुर के अंतर्गत लोगों को पर्यावरण के महत्व और पौधों के संरक्षण के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# युवक पर फायरिंग के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर, सीओ से मिले ग्रामीण

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर के उद्योग नगर थाना इलाके में पूर्व सरपंच के बेटे पर फायरिंग के मामले में पुलिस के हाथ अभी भी खाली हैं। जिसको लेकर ठाामीणों ने भारी रोष है। आज युवक के परिजन और गांव के लोग सीओ से मिलने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर आरोपी पकडे नहीं गए तो उच्चाधिकारियों से मिलेंगे। घटना के बाद से पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। गाली देने से मना किया तो कर दी फायरिंग

सुरेश सिंह निवासी तुहिया गांव ने बताया कि मेरा बेटा जनार्दन (22) 19 जुलाई की शाम करीब 6 बजे अजान गांव से सिलेंडर लेकर आ रहा था। जैसे ही वह तुहिया गांव के चौराहे पर पहुंचा तो, वहां करीब 7 युवक चौराहे के बीच में बाइक लगाकर खड़े थे। जनार्दन ने उन्हें बाइक साइड करने को कहा तभी सभी युवक जनार्दन को गालियां देने लगे। जनार्दन ने उन्हें गालियां देने को मना किया। जिसके बाद एक युवक ने हथियार निकालकर जनार्दन पर हिट फायर कर दिया।

ढाबे की दीवार में लगी गोली

जनार्दन नीचे होकर बाल-बाल बचा। गोली ढाबे की दीवार में जा लगी। इतने में बदमाशों ने एक के बाद एक जनार्दन पर कई फायर किए और बाइक पर

**आम सूचना**

मैं इमामुद्दीन पुत्र अब्दुल्ला शाह आयु 60 साल जाति मुसलमान नि. काजी कॉलानी, नूरानी मस्जिद के पास, थाना-उदेई मोड गंगापुर सिटी। यह कि मेरा पुत्र इमरान मेरे कहने में नही है तथा उसका व उसकी पत्नि का चाल-चलन सही नहीं है। वे दोनों मुझसे व मेरी पत्नि से आए दिन लडाई-झगडा व मारपीट करते है। हमारी किसी प्रकार से देखभाल व सेवा नहीं करते है, ना हमारे खाने-पीने का ध्यान रखते है। इनके व्यवहार से समाज में मेरी छवि धूमिल हो चुकी है। इसलिए मैं इन्हें अपनी स्वअर्जित चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ और मेरा भविष्य में मेरे पुत्र इमरान से कोई संबंध वास्ता नहीं रहेगा।

**पश्चिम मध्य रेल**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक कोटा मण्डल, पश्चिम मध्य रेल्वे द्वारा कोटा मण्डल के रामगंज मंडी,हिंडौन सिटी एवं सवाई माधोपर जं. रेल्वे स्टेशनों पर बहुउददेशीय स्टॉलों (एमपीएस) के लिए ई-बोली आमंत्रित की हैं। केटलॉग को www-ireps-gov-in (e-Auction) पर प्रकाशित किया गया हैं। विवरण निम्न हैं :- **कैटलॉग संख्या** : Kota-MPS-2025, **अनुबंध का प्रकार** : बहुउददेशीय स्टॉल (एमपीएस), **ई नीलामी की तिथि समय** : 04.08.2025 और 12:00 बजे, केटलॉग की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट (www-ireps-gov-in (e-Auction) उपलब्ध है। (हस्ता)

सहायक वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे कोटा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## मानसून की तैयारियों को लेकर बैठक

**गंगापुर सिटी ।** मानसून की तैयारियों को लेकर उप जिला कलेक्टर ब्रजेन्द्र मीना ने मंगलवार को नगर परिषद अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर परिषद के सहायक अभियंता तरुण जैन, कनिष्ठ अभियंता सुरेश कुमार शर्मा और सफाई निरीक्षक पिन्टू राम मीना सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए। मौसम विभाग जयपुर ने सवाई माधोपुर जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर गंगापुर सिटी के सभी वार्डों में बारिश के पानी की निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने के आदेश दिए गए हैं। नगर परिषद को नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में रहेगा। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। अतिवृष्टि की स्थिति में सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को मुख्यालय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित

■ **भरतपुर में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष**

**भरतपुर** (निस)। जिले में आगामी फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमर चौधरी की अध्यक्षता में जिला एनआईसी सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलक्टर ने कहा कि लोकतंत्र की जड़ें मतदाता सूची से शुरू होती हैं और यदि यह त्रुटिरहित, अद्यतन और सत्यापित होगी तो चुनाव प्रक्रिया स्वतः ही निष्पक्ष और सुदृढ़ होगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के हर बूथ स्तर पर प्रत्येक मतदाता का भौतिक सत्यापन किया जाएगा जिससे किसी भी अपात्र दोहराए गए या मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकें और नए पात्र मतदाताओं को समय पर जोड़ा जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से आठाह किया कि वे समयबद्ध रूप से ऐसे बीएलए-2 नियुक्त करें जो स्थानीय क्षेत्र से हो क्षेत्र की जानकारी रखता हो और कार्य के प्रति गंभीर एवं सक्रिय हो। उन्होंने कहा कि ष्बीएलए-2 की भूमिका पुनरीक्षण प्रक्रिया की रीढ़ है। यदि बीएलए-2 सक्षम और जिम्मेदार होंगे तो मतदाता सूची की गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सकेगी। बैठक में उन्होंने बीएलए-1 एवं बीएलए-2 की नियुक्ति प्रक्रिया, विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु आवश्यक प्रपत्रों के उपयोग, प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एवं 1200 से अधिक मतदाताओ वाले मतदान केन्द्र जिनका पुनर्गठन एवं विभाजन की जानकारी प्रदान की। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त बीएलओ संबधी निर्देष द्वारा अभियान के दौरान 1-01-2002 की वोटर लिस्ट को आधार माना जायेगा इसके बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। मतदाता सूची में प्रारूप प्रकाशन के बाद ईआरओ के निर्णय के विरूद्व किसे अपील करनी है उसकी जानकारी प्रदान की गयी एवं मतदाता स्वयं भी गणना प्रपत्र को भर सकता है इन सभी बिन्दुओ को विस्तार पूर्वक बताया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध किया गया कि वे सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए समय पर अपने बीएलए-2 की सूचियाँ निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराएं।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा, प्रषिक्षु आईएएस भानू शर्मा, गिरधारी गुप्त, वीरेन्द्र सिंह,कैलाशबाबू गौतम, जितेन्द्र कुम्भज, मुकेश सिंघल,निर्लेप मिश्रा, योगेश सिंघल सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भव्य स्वागत

**सूरौठ ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में राष्ट्र जागरण ज्योति कलश यात्रा के सूरौठ तहसील में प्रवेश करने के पश्चात मंगलवार को , खीपकापुरा, रारासहायपुर सहित कई गांवों में स्वागत किया गया, जिस पर,गायत्री परिवार जिला करौली के राष्ट्र जागरण ज्योति कलश यात्रा के साथ भरतपुर उप जोंन समन्वय नरेंद्र जोशी, करौली जिला प्रभारी बहादुर सिंह सोलंकी,, गोपाल सिंह डांगुर व अनिल शर्मा सूरौठ ने जानकारी देते हुए बताया कि दूषित एवं विषाक्त वातावरण की परिमार्जन करके विशुद्ध आध्यात्मिक ऊर्जा का संचरण करने, सामाजिक समरसता का भावों, का सृजन, समाज एवं राष्ट्र के प्रति श्रद्धा समेपण घर-घर गायत्री और यज्ञ की स्थापना, जन-जन में सद्बुद्धि की संचार, घर, परिवार एवं समाज के विकृत वातावरण को पवित्रतम बनाने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान मे राष्ट्र जागरण ज्योति कलश यात्रा का करौली जिले कि सीमा में प्रवेश किया।

